## सार-समाचार

### पुलिस को बोलोरो कैंपर कार भेंट

**मेहंदीपुर बालाजी,** (निसं)। आस्था धाम मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट दुआरा आज एक और सामाजिक सरोकार करते हुए दोसा पुलिस की जरूरत को देखते हुए एक बोलेरो कैंपर कार भेंट की है। मंदिर महंत पीठाधीश्वर डॉक्टर नरेश पुरी महाराज के सानिध्य में लगातार घाटा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा तरह तरह के सामाजिक सरोकार निभाये जाते रहे हैं। और इसी कड़ी में यह सामाजिक सरोकार भी आज मंदिर ट्रस्ट द्वारा निभाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक दौसा के द्वारा एक वाहन की आवश्यकता होने पर मंदिर महंत महाराज के दिशा निर्देश में बोलोरो कैंपर कार दोसा पुलिस को भेंट की गई है। सबसे पहले मंदिर के आगे गाड़ी का विधिवत रूप से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजन किया गया ।और उसके बाद प्रतिनिधियों द्वारा पुलिस उपाधीक्षक दीपक मीना व मेहंदीपुर बालाजी थाना अधिकारी गौरव प्रधान को गाड़ी की चाबी दी गई। आपको बता दें कि बालाजी मंदिर ट्रस्ट महंत नरेश पुरी महाराज जी के सानिध्य में गरीब कन्याओं की शादी करना, अग्नि पीड़ित परिवार की मदद करना जैसे अनेकों सामाजिक कार्य समय-समय पर करते रहते हैं। वही इस दौरान थाना अधिकारी गौरव प्रधान ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक बहुत अच्छा कार्य किया गया है। दोसा पुलिस महकम में इस वाहन की आवश्यकता थी। जो महाराज श्री के दिशा निर्देश में पूरी हुई।

### 'प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करें'

**करौली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभागीय आयुक्त कार्यालय, से जनसुनवाई के प्राप्त प्रकरण एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का समय सीमा में निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरोपी को आजीवन कारावास

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अपर सेशन न्यायाधीश रेशमा खान ने पत्नी की कुल्हाडी से हत्या करने वाले पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर एक लाख रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, जुर्माना नहीं चुकाने की स्थिति में छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अपर लोक अभियोजक घनश्याम सिंह ने बताया कि मामला 22 अप्रैल 2020 का है। पीलोदा निवासी पृथ्वीराज ने अपनी पत्नी सुक्को देवी की खेत में कुल्हाडी से हत्या कर दी थी। घटना की जानकारी उनके बेटे रवि कुमार को तब मिली, जब सुबह करीब 9 बजे गांव के किसी व्यक्ति ने उसे बताया कि उसके पिता ने उसकी मां को चोट पहुंचाई है, जब रवि खेत पहुंचा तो उसने अपनी मां को मृत अवस्था में पाया। उनके सिर से खून बह रहा था। पीलोदा थाना पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ आरोप-पत्र पेश किया गया। अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने आरोपी को दोषी पाया। कोर्ट ने आरोपी पृथ्वीराज को आजीवन कारावास के साथ एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने की स्थिति में आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# 'बजट घोषणाओं की क्रियान्विति गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें'

■ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं जनसमस्याओं के निराकरण की कार्यवाही की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने नगर नियोजन के तहत घना गेट की डिजाइन, पर्यटक कॉम्पलैक्स, मदनमोहन मन्दिर का विकास, सुजान गंगा वाटर फ्रंट का विकास, कन्वेशंन सेन्टर, शहर की सभी सर्किल का सौन्दर्यीकरण एवं रिडिजाइन को समयबद्ध पर पूर्ण करने के लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा के दौरान नगर निगम को शहर में चल रहे सीवरेज लाईन के कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करने व अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, आरएसआरडीसी, नगर निगम एवं बीडीए के अधिकारियों को बजट घोषणाओं के अनुरूप भरतपुर अलवर मार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने, भरतपुर सर्किल-बयाना बाईपास, बिडयारी से ब्रह्मवाद, बरसो से त्यौंगा-भरतपुर बाईपास, हीरादास चौराहे से कुम्हेरगेट चौराहा तक फ्लाई ओवर एवं काली बगीची चौराहा-बिजलीघर चौराहा-आरबीएम हॉस्पीटल फ्लाई ओवर निर्माण सहित अन्य सडक निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटक महत्व के स्थानों के सौन्दर्यकरण, मरम्मत एवं साफ-सफाई के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिये एवं लाईट एण्ड साउन्ड शो, हेरीटेज वॉक वे, किशोरी महल में प्लाजा एवं कैफेटेरिया के निर्माण के संबंध में निर्देश प्रदान किए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को जनाना अस्पताल की शिफ्टिंग, मेडीकल कॉलेज में स्पाइनल इंजरी सेन्टर की स्थापना, आरबीएम में आधारभूत सुविधाओं के कार्य प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गंगा मन्दिर पर कराये जा रहे विकास कार्यों, भरतपुर में विज्ञान केन्द्र की स्थापना, आधुनिक सुविधायुक्त बस स्टैण्ड निर्माण, फूड पार्क निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

### रैली निकाली

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली और एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। राजकीय गर्ल्स कॉलेज से शुरू हुई यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंची। शोभायात्रा में सैकडों कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के नारों के साथ ध्वजाएं लेकर भाग लिया। यात्रा संता की बगीची, नेहरू पार्क, कोतवाली थाना और सब्जी मंडी होते हुए कलेक्ट्रेट सर्किल पर समाप्त हुई, जहां एक खुला मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेविका हेमलता मीणा, शिक्षाविद हेमंत शर्मा, एबीवीपी के प्रांत उपाध्यक्ष धर्मवीर मीणा और राष्ट्रीय मंत्री शिवानी खरवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने मां शारदा और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने एबीवीपी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## पतंग महोत्सव में महिलाओं ने दिखाया दमखम

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जला अग्रवाल महिला संगठन द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन रविवार को अग्रवाल शिक्षण संस्थान के प्रांगण में आयोजित किया गया। महिलाओं के लिए विशेष पतंग महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिलोक अग्रवाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन से हुआ।

जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगोपाल बजाज थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती पार्वती देवी एवं रेनू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, अनीता खुटामार, ज्योति मित्तल उपस्थित रहीं। जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया और साथ ही कहा कि ये कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सभी उम्र की महिलाओं को एक मंच प्रदान करना जहां वे एक साथ आकर अपनी प्रतिभा और क्षमताओं को प्रदर्शित कर सके इस प्रोग्राम की खास बात है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने आसमान में पतंग उडा कर आपस में पेच लडाए। इस दौरान महिलाओ का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल हुए, जिनमें समाज समिति अध्यक्ष घनश्याम बजाज, अग्रवाल शिक्षण संस्थान अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, युवा संगठन अध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला महामंत्री गोविंद बरनाला, प्रदेश संस्कृत मंत्री सरोज गर्ग, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष रजनी सिंघल, तहसील महिला मंडल अध्यक्ष रीना मित्तल, उदेई मोड महिला मंडल महामंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, अग्रवाल महिला सेवा समिति कोषाध्यक्ष साक्षी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मंजू मंगलम आदि मौजूद रहे।

### 119 बदमाश गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर रेंज में बदमाशों के खिलाफ चलाए गए दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान में भरतपुर जिला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पुलिस की 68 टीमों ने 194 जगह दबिश देकर 119 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि भरतपुर पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों, हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर, आदतन अपराधी, इनामी बदमाश और मुकदमों में वांछित चले बदमाशों के खिलाफ दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के लिए 68 पुलिस की टीमें बनाई गई। जिसमें एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारियों से लेकर कॉन्स्टेबल तक शामिल रहे। 68 टीमों में 262 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया।

# लोहड़ी उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**भरतपुर,** (निसं)। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा जिला भरतपुर ने अपना 6वां लोहडी उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया व सभी के लिए खुशियों व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। समाज के जिलाध्यक्ष नील गेरा की अध्यक्षता और वरिष्ठ चिकित्सक व जिला संरक्षक डॉ भूषण अरोड़ा के मुख्य आतिथ्य में व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर के विशिष्ट आतिथ्य में लोहडी उत्सव मनाया गया। जिला सचिव मनीष मेहरा ने बताया कि ये समाज का 6वां लोहडी उत्सव था। इस बार उत्सव में धूम मचाने का जिम्मा समाज के ही विख्यात कलाकार महेश गुलाटी ने व विख्यात कलाकार सतविंदर सरताज ने संभाला। जिन्होंने उत्सव में शामिल सभी बच्चे बुजुर्गों को नाचने पर मजबूर कर दिया। दिल्ली से पधारे विख्यात गायक सतविंदर सरताज ने पंजाबी संस्कृति के गीतों ने समां बांध दिया था। समारोह में समाज के बच्चों ने भी नृत्य व गायन प्रस्तुत किया जिसे सभी आगन्तुकों ने सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ भूषण अरोड़ा ने पूरे रीति रिवाज से लोहडी प्रज्वलित की व समस्त समाज को लोहडी की बधाई देते हुए सर्व समाज की उन्नित व सम्रद्धि की कामना की। सीएमएचओ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ गौरव कपूर ने अपने उध्बोधन में समाज को आने पुर्वजों की ही भांति मेहनत और ईमानदारी की राह पर चलने की सलाह दी। समाज के अध्यक्ष नील गेरा ने अपने उद्बोधन में उत्सव में पधारने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया व समाज को संगठित व मजबूत करने पर बल दिया। उत्सव में शहर के सभी पंजाबी शामिल हुए व एक दूसरे को लोहडी की बधाई दी। आयोजन में दीपक खट्टर, सुमित अरोड़ा, महेश गुलाटी, भरत कालरा, विनोद खन्ना, गौरव चुघ, सनी अरोड़ा, अजय जुनेजा, रोहित अरोड़ा, अभय अरोड़ा, सन्नी चोपड़ा, सुमित तनेजा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**बयाना,** (निस)। नियमितीकरण और मानदेय बढ़ाए जाने आदि मांगों को लेकर आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने भी सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी देते हुए बयाना में एसडीएम दीपक मित्तल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। यह कार्यकर्ता जयपुर में आंगन बाड़ी कर्मी संगठन की ओर से आयोजित धरना प्रदर्शन में भी शामिल होंगी।

### सनी जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली,** (निसं)। सनी शर्मा को विप्र महासभा का करौली जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील उदेइया व प्रदेश अध्यक्ष भारद्वाज ने बताया कि गत दिन आयोजित प्रांतीय अधिवेशन व आमसभा में सर्वसम्मति से सनी शर्मा को करौली जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।


**आम सूचना**

मैं फजलु पुत्र नूर जाति मुसलमान नि. गुलशन कॉलोनी, हिण्डौन सिटी, जि. करौली (राज.) सशपथ घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र चांद बाबू का चाल चलन ठीक नही है। जो चार-पांच साल पहले मुझे और मेरी पत्नि से मारपीट कर घर से बाहर निकल गया। व लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा करता है और पैसे उधार ले रहा है। मेरा उससे काई लेना-देना नहीं है। मैं अपने पुत्र चांद बाबू को अपनी निजी जिंदगी एवं अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।


# यातायात के नियमों की दी जानकारी

**भरतपुर,** (निसं)। परिवहन विभाग के द्वारा मनाए जा रहे सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत बिजलीघर चौराहे पर अनोखे ढंग से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया।

बिना हेलमेट पहने लोग जब चौराहे पर पंहुचे। तो चौराहे पर यमराज और चित्रगुप्त की वेशभूषा के लोगों ने उनको रोक लिया। जिनके रोकते ही एकबारगी तो लोगों को समझ ही नहीं आया कि यह सब हुआ क्या।

बिना हेलमेट पहने लोगों को यमराज के भेष वाले व्यक्ति ने हेलमेट ना पहनने के बारे में पूछा तो लोगों के चेहरे पर हवाईयां उड गई। जिस पर यमराज व चित्रगुप्त के साथ आरटीओ विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जीवन बहुत अनमोल है अगर बिना हेलमेट पहने बाइक चलाएंगे तो दुर्घटना में जान भी जा सकती है और यमराज ले जाएंगे। यमराज व चित्रगुप्त ने लोगों को समझाया कि जब भी गाडी चलाएं हेलमेट अवश्य पंहने।

इस मौके पर आरटीओ विभाग की ललिता सैनी ने बताया कि सडक सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज यमराज व चित्रगुप्त के भेष में लोगों को सडक सुरक्षा नियमों के पालन के बारे में जागरूक किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नुनहेरा, पंचायत समिति सैपऊ (धौलपुर)**

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/81-87 दिनांक: 10.01.2025

**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 20.01.2025 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00629 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत नुनहेरा, पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नुनहेरा, पंचायत समिति सैपऊ, धौलपुर








